## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आधा सैकड़ा नागरिकों की समस्याएं



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 50 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत और एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


### विशाल धार्मिक आयोजन के लिए कल से बदलेगी इंदौर-भोपाल हाईवे पर ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षाकर्मी संभालेंगे जिम्मेदारी

# रुद्राक्ष महोत्सव में चार जिलों का आया पुलिस बल कुबेरेश्वरधाम पर दो हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि मंगलवार शाम 4.30 बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर बाहर से आए 1250 जवानों के बल ने आमद दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में कुबेरेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव और शिवम महापुराण कथा को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। 14 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस विशाल धार्मिक आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए मंगलवार को चार जिलों का पुलिस बल जिला मुख्यालय पहुंच गया है। बीते वर्षों के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए इस बार पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि मंगलवार शाम 4.30 बजे पुलिस परेड ग्राउंड पर बाहर से आए 1250 जवानों के बल ने आमद दी है। इसमें देवास, शाजापुर, भोपाल और उज्जैन सहित आसपास के जिलों का बल शामिल है। इसके अलावा सीहोर जिले के 250 पुलिसकर्मी, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यए कोटवार और वन सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहेंगे। कुल मिलाकर करीब 2000 सुरक्षाकर्मियों का बल कुबेरेश्वर धाम की सुरक्षा और व्यवस्थाओं की कमान संभालेगा।



यह बल 11 फरवरी से मोर्चे पर तैनात हो जाएगा।

### कल से डायवर्ट होगा रूट

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और हाईवे पर जाम की स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। यह व्यवस्था 12 फरवरी सुबह 6 बजे से शुरू होकर 21 फरवरी सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

### भारी वाहनों के लिए

भोपाल से इंदौर जाने वाले भारी वाहन मुबारकपुर जोड़ (परवलिया) या तुमड़ा जोड़ (खजूरी) से होकर श्यामपुर-कुरावर-ब्यावरा-मक्सी मार्ग का उपयोग करेंगे। इसी तरह इंदौर-देवास से आने वाले भारी वाहन मक्सी-ब्यावरा होकर भोपाल पहुंचेंगे।

### छोटे वाहनों के लिए

भोपाल से इंदौर जाने वाले छोटे और सवारी वाहन सीहोर के न्यू क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी जोड़ और अमलाहा होते हुए आष्टा-इंदौर जा सकेंगे। इंदौर से भोपाल आने वाले वाहन भी इसी मार्ग आष्टा-अमलाहा-भाऊखेड़ी जोड़ का पालन करेंगे।

### श्रद्धालुओं के लिए सीधी एंट्री

जो श्रद्धालु केवल कुबेरेश्वर धाम कथा स्थल पर आना चाहते हैं, उनके वाहनों के लिए कोई डायवर्जन नहीं रहेगा। वे अपने नियमित हाईवे मार्ग से सीधे धाम तक पहुंच सकेंगे और निर्धारित पार्किंग में वाहन खड़े कर सकेंगे।

### हाईटेक होगी निगरानी और सुविधाएं

प्रशासन ने इस बार सुरक्षा के लिए आधुनिक संसाधनों का सहारा लिया है। सभी डायवर्जन पॉइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए बड़ी क्रेन, गैस कटर, वेल्डिंग मशीन और मैकेनिकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अधिकारियों के बीच तालमेल के लिए नजदीकी जिलों के अफसरों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिससे सूचनाओं का आदान-प्रदान तुरंत हो सके।

**कलेक्टर-एसपी की पैनी नजर :** महोत्सव के दौरान पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक बोर्ड और पीए सिस्टम (अनाउंसमेंट सिस्टम) की तैयारी भी पूर्ण कर ली गई है। एसपी ने निर्देश दिए हैं कि डायवर्जन मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग की जाए ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# सोमलवाड़ा रेत खदान पर खनिज विभाग का छापा नदी के बीच चल रही पोकलेन व जेसीबी बरामद







### थाने में खड़े कराए जब्त वाहन

**सीहोर।** नर्मदा तटीय क्षेत्रों में प्रतिबंधित मशीनों से रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। बुधनी तहसील के सोमलवाड़ा रेत खदान पर माइनिंग टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से काम कर रही एक पोकलेन और एक जेसीबी मशीन को रंगे हाथों पकड़ा। जब्त किए गए वाहनों को शाहगंज थाने में खड़ा कराया गया है। बता दें माइनिंग इंस्पेक्टर खुशबू वर्मा के नेतृत्व में खनिज विभाग के अमले ने दोपहर करीब 12 बजे सोमलवाड़ा खदान पर औचक निरीक्षण किया।

टीम को सूचना मिली थी कि नदी के बीचों-बीच भारी मशीनों का उपयोग कर रेत निकाली जा रही है। टीम के पहुंचते ही वहां हडकंप मच गया। अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों मशीनों को अपने कब्जे में ले लिया।

**ग्रामीणों में नाराजगी, सडकों का हो रहा नुकसान :** सोमलवाड़ा और आसपास के ग्रामीणों ने लंबे समय से अवैध उत्खनन का विरोध किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि भारी डंपरों के दिन-रात चलने से गांव की सडकें पूरी तरह खराब हो चुकी हैं। उड़ती धूल के कारण लोगों को सांस और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। लगातार हो रहे गहरे गड्ढों के कारण नर्मदा का जलस्तर प्रभावित हो रहा है और जलीय जीवन खतरे में है।

### एनजीटी के नियमों की उड़ रही थीं खुलेआम धज्जियां

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के स्पष्ट निर्देश हैं कि नदी की जलधारा से या भारी मशीनों पोकलेन/जेसीबी के जरिए रेत निकालना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद सोमलवाड़ा में अक्सर पनडुब्बियों और भारी मशीनों के जरिए नदी का सीना छलनी करने की शिकायतें मिल रही थीं। इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हडकंप है।

### जिले में शांति, सौहार्द और हर्षोल्लास से मनाए जाएंगे सभी पर्व



**सीहोर।** आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्योहारों को हर्षोल्लास एवं शान्ति पूर्वक मनाने के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सभी पर्वों पर सीहोर नगर तथा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोहों के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई । बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं एएसपी सुनीता रावत ने समिति के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की तथा सभी पर्वों पर आयोजनों के दौरान सफाई, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, एआई सिद्दीकी, सुनील दुबे, तोसिफ सईद, अब्दुल अजीद चाचा, मोहम्मद इरशाद, अजहर सईद, पंकज शर्मा, रवि पांडे, विमल जैन, जेपी शर्मा संयुक्त कलेक्टर जमील खान, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी अभिनंदना शर्मा सहित शांति समिति के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जमोनिया तालाब पर बचाव कार्य के लिए पहुंची रेस्क्यू टीमें, पानी में डूबते लोगों की बचाई जान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आज दोपहर लगभग 01 बजे जमोनिया तालाब के पास मौजूद लोगों में उस समय हड़कंप मच गया, जब तालाब में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार व्यक्ति पानी में हाथ-पैर मारते हुए मदद के लिए पुकार रहा था। वहीं तालाब के दूसरे छोर पर बने एक छोटे टापू पर कुछ लोगों के फंसे होने की खबर से स्थिति और गंभीर हो गई। इस घटना की सूचना लोगों ने तत्काल प्रशासन को दी।

सूचना मिलते ही कलेक्टर बालागुरू के., जिला प्रशासन, एसडीईआरएफ, एनडीआरएफ एवं होमगार्ड की संयुक्त रेस्क्यू टीमें तत्काल मौके के लिए रवाना हुईं। कुछ ही देर में मोटर बोट, रेस्क्यू उपकरण और गोताखोरों के साथ बचाव दल तालाब में उतर गया। डीप डाइविंग तकनीक का उपयोग करते हुए पानी में डूबे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं टापू पर फंसे लोगों तक मोटर बोट के माध्यम से पहुंचकर उन्हें लाइफ जैकेट पहनाई गई और सुरक्षित किनारे तक लाया गया। पूरे घटनास्थल पर बचाव कार्य युद्धस्तर पर संचालित होता रहा, जिसे देख मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल यह पूरा घटनाक्रम शासन के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित वृहद मॉक ड्रिल का हिस्सा था। इस मॉक ड्रिल में जल आपदा से निपटने की विभिन्न तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिसमें डीप डाइविंग के माध्यम से डूब रहे व्यक्ति को जीवित निकालना तथा ड्राय रेस्क्यू (सूखा बचाव) जैसी तकनीकों का सफल अभ्यास शामिल था। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. सहित अन्य अधिकारी इस मॉकड्रिल को देख रहे थे। मॉक ड्रिल के उपरांत एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड के पास उपलब्ध आधुनिक बाढ़ बचाव उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी में डीप डाइविंग सेट, सोनार सिस्टम, बीए सेट, मोटर बोट इंजन तथा इमरजेंसी लाइट जैसे अत्याधुनिक उपकरण प्रदर्शित किए गए, जो आपदा के समय जीवन रक्षक सिद्ध होते हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने मॉक ड्रिल का अवलोकन किया तथा बचाव दल की त्वरित कार्यप्रणाली एवं तकनीकी दक्षता की सराहना की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों एवं ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाए तथा सीपीआर देना भी सिखाया जाए, ताकि आपातकालीन स्थिति में जनहानि को कम किया जा सके।

इस अवसर पर एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी अभिनंदना शर्मा, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट नीलमणी लडिया, तहसीलदार भरत नायक, जनअभियान परिषद जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी नेतृत्व सीसी निलेश कुमार एवं पीसी महेंद्र वर्मा द्वारा किया गया।

### 98 केंद्रों पर 15892 परीक्षार्थियों ने दिया अंग्रेजी का पर्चा, नकल पर नकेल

# 12वीं बोर्ड परीक्षा की शांतिपूर्ण शुरुआत, पहले दिन जिलेभर में नहीं मिला कोई भी 'मुन्नाभाई'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। जिले के सभी 98 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन अंग्रेजी विषय का पेपर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन की सख्ती और इंतजामों का असर यह रहा कि परीक्षा के पहले ही दिन पूरे जिले में एक भी नकल का मामला सामने नहीं आया।

परीक्षा के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आला अधिकारी खुद मैदान में नजर आए। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 01 का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने परीक्षा संचालन की बारीकियों को देखा और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे बिना किसी डर के परीक्षा दें। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर भी उनके साथ मौजूद रहे।

**हाईटेक रही प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा :** इस बार प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। सुबह थानों से कलेक्टर प्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रश्न-पत्र निकाले गए और मोबाइल एप के माध्यम से इसकी जानकारी तत्काल बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड की गई। जिला और विकासखंड स्तर के निरीक्षण दलों ने दिनभर विभिन्न केंद्रों का दौरा कर सघन चेकिंग की।

### लापरवाह केंद्राध्यक्ष को हटाया

श्री शंकर लाल पंवार उच्चतर माध्यमिक शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतरना भैरुंदा केंद्र अध्यक्ष राधा कृष्ण मोदी स्कूल सीहोर को परीक्षा कार्य में लापरवाही के कारण केंद्र अध्यक्ष के पद से आज ही हटाया गया है तथा कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर कार्रवाई की जावेगी।



### 191 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

जिला शिक्षा विभाग से जारी जानकारी के अनुसार पहले दिन जिले के पांचों विकासखंडों में कुल 16083 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 15892 उपस्थित रहे और 191 अनुपस्थित पाए गए। विकासखंडवार स्थिति देखें तो सीहोर में 5582 दर्ज में से 5527 उपस्थित (55 अनुपस्थित), आष्टा में 4818 में से 4765 उपस्थित (53 अनुपस्थित), भैरूंदा में 2453 में से 2413 उपस्थित (40 अनुपस्थित), बुधनी में 1736 में से 1712 उपस्थित (24 अनुपस्थित) और इछावर में 1494 दर्ज परीक्षार्थियों में से 1475 उपस्थित (19 अनुपस्थित) रहे। पहले दिन सभी विकासखंडों में नकल प्रकरण शून्य रहा।

# बिजली चोरी पकड़ने गई टीम के सामने तोड़ दिया स्मार्ट मीटर, चालू लाइन खींचकर फेंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर में बिजली चोरी पकड़ने गई विद्युत वितरण कंपनी की टीम के सामने ही उपभोक्ता ने चालू लाइन में स्मार्ट मीटर तोड़ दिया। नाराज उपभोक्ता ने सर्विस लाइन भी खींचकर फेंक दी और अधिकारियों से अभद्रता की। कंपनी के अधिकारियों ने कोतवाली थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, विद्युत वितरण कंपनी शहर में लगातार स्मार्ट मीटर लगा रही है। इन मीटरों से छेड़छाड़ और बिजली चोरी की सटीक जानकारी कंपनी को मिल रही है। इसी आधार पर जोन-1 के एई अतुलेश सिंह अपनी टीम के साथ मंगलवार को कस्बा क्षेत्र स्थित जमशेद नगर पहुंचे थे।

### गुस्साए उपभोक्ता ने उखाड़कर फेंका मीटर

टीम ने जाहिर नामक व्यक्ति के घर बिजली चोरी पकड़ी। चोरी पकड़े जाने पर वहां मौजूद जुनैद नामक व्यक्ति भड़क गया। उसने स्मार्ट मीटर में तोड़फोड़ कर उसे और सर्विस लाइन को उखाड़कर फेंक दिया। उसने अधिकारियों से कहा कि मीटर अभी उखाड़कर ले जाओ। अधिकारियों ने समझाया कि आवेदन देने पर ही नियमानुसार मीटर हटाया जाएगा, लेकिन उपभोक्ता नहीं माना। इस घटना के बाद एई अतुलेश सिंह ने कोतवाली थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की लिखित सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



खबर संक्षेप

## बालक वर्ग अनुराग और बालिका वर्ग में पायल बागवन रही विजेता

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाका स्थित बजरंग कालोनी में स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, इस मौके पर सीहोर, जताखेडा, श्यामपुर, इछावर, भैरुंदा सहित अन्य स्थानों से करीब 90 कराटे खिलाड़ी शामिल थे। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहाकि कराटे आत्मरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। इससे शरीर में स्फूर्ति रहती है जिससे शरीर का विकास होता है। पढ़ाई के साथ खेलों का भी जीवन में काफी महत्व है। उन्होंने एसोसिएशन के कोच लखन ठाकुर, विमला ठाकुर, कराटे रैफरी साधना परमार, त्रयंबक ठाकुर, नीतू लोधी, हेमंत परमार, योगेश, सचिन लोधी आदि के साथ विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 90 खिलाड़ी शामिल थे, इसमें से 42 खिलाड़ियों को पदक मिले है, वहीं इसमें बालक वर्ग में बेस्ट फाइटर अवार्ड अनुराग मेवाड़ा और बालिका वर्ग में पायल बागवान ने हासिल किया है।

### संदेश साफ-नरवाई नहीं जलाई तो लाभ, जलाई तो सीधी होगी कार्रवाई

# कोटवार बने प्रशासन के ग्राउंड वारियर खेत से उठी आग तो तुरंत होगी रिपोर्ट

कोटवारों को बुलाकर सख्त शब्दों में निर्देश दिए गए कि नरवाई जलाने की एक भी घटना सामने आई तो संबंधित किसान के खिलाफ नियमों के तहत कठोर कार्रवाई होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

गेहूं कटाई के बाद नरवाई जलाने की वर्षों पुरानी और पर्यावरण के लिए घातक परंपरा पर अब प्रशासन ने निर्णायक प्रहार किया है। मध्यप्रदेश शासन के स्पष्ट निर्देशों के तहत सीहोर जिला प्रशासन ने नरवाई जलाने पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू कर दी है। प्रशासन का दो टूक संदेश है-खेतों में आग नहीं, अब कानून का असर दिखेगा।

नरवाई जली तो सीधी कार्रवाई तय है। जिला कलेक्टर सीहोर के मार्गदर्शन में, भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह के निर्देशन तथा समय-सीमा बैठक में दिए गए आदेशों के पालन में मंगलवार को जनपद पंचायत भैरूंदा के सभा कक्ष में तहसील स्तरीय अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तहसीलदार सौरभ शर्मा ने की। इस बैठक में तहसील भैरूंदा के समस्त कोटवारों को बुलाकर सख्त शब्दों में निर्देश दिए गए कि नरवाई जलाने की एक भी घटना सामने आई तो संबंधित किसान के खिलाफ नियमों के तहत कठोर कार्रवाई होगी।



### नरवाई जलाना गैरकानूनी, नुकसान भारी

बैठक में तहसीलदार सौरभ शर्मा ने स्पष्ट किया कि नरवाई जलाना केवल कानून का उल्लंघन ही नहीं, बल्कि यह वायु प्रदूषण को बढ़ाता है और खेतों की उर्वरक शक्ति को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। आग से मिट्टी के उपयोगी जैविक तत्व और सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिसका सीधा असर अगली फसलों की पैदावार पर पड़ता है। ऐसे मामलों में जुर्माना, प्रकरण दर्ज करना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई से प्रशासन पीछे नहीं हटेगा।

**कोटवार बने प्रशासन की सबसे मजबूत कड़ी :**नरवाई जलाने पर रोक के अभियान में प्रशासन ने गांव स्तर पर कोटवारों को 'ग्राउंड वारियर' की भूमिका सौंपी है। सभी कोटवारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने गांवों में खेत-खलिहानों पर सतर्क निगरानी रखें।

कहीं भी नरवाई जलने की सूचना मिलते ही तत्काल पटवारी और तहसील कार्यालय को रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने चेताया कि लापरवाही या अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नरवाई न जलाने के फायदे भी गिनाए

बैठक में किसानों को जागरूक करते हुए नरवाई न जलाने के दीर्घकालीन लाभों पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि नरवाई को खेत में मिलाने या वैकल्पिक उपयोग से मिट्टी की जैविक गुणवत्ता बढ़ती है, नमी बनी रहती है, भूमि की उर्वरता सुधरती है और उत्पादन लागत घटती है। इससे फसल की पैदावार बेहतर होती है और किसान की आय बढ़ती है। नरवाई जलाने से उठने वाला धुआं वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है, जिससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ता है और मौसम चक्र भी प्रभावित होता है। प्रदूषण पर नियंत्रण से ग्रामीण क्षेत्रों के साथ पूरे इलाके का पर्यावरण संतुलित रहता है।

### प्रशासन की स्पष्ट अपील

प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे नरवाई न जलाएं और वैज्ञानिक व वैकल्पिक उपाय अपनाएं। तहसीलदार सौरभ शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा साफ है—टिकाऊ खेती, सुरक्षित पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य। नियमों की अनदेखी करने वालों पर मजबूरी में सख्त कार्रवाई होगी।

## सीहोर-श्यामपुर सड़क में हुए भारी भ्रष्टाचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

### मामले की जांच कर दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई : पंकज शर्मा

**सीहोर।** मंगलवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर बालगुरु के. के नाम संबोधित एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने सीहोर-श्यामपुर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने तथा इसमें भारी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के दोषियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर से श्यामपुर तक बनाई गई प्रदेश की पहली एफडीआर तकनीक वाली सड़क निर्मित होने के बाद दो वर्ष भी नहीं टिक सकी और पूरी तरह उखड़



गई, जिसमें बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिनमें बार-बार पेंचवर्क कर दिया जाता है, लेकिन वो भी नहीं टिक पाता है और आमजन इस वजह से हादसों का भी शिकार हो रहे हैं। पंकज शर्मा ने कहा कि इस सड़क की निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी ने दावा किया था कि एफडीआर तकनीक से सड़क बनाने में लागत आधी हो जाती है और इसकी उम्र भी दुगुनी रहती है, लेकिन सीहोर-श्यामपुर सड़क ने निर्माण एजेंसी के इन दावों की पोल खोल दी है तथा इस सड़क निर्माण में हुए भारी भ्रष्टाचार की कहानी इस सड़क की जर्जर हालत स्वयं बयां कर रही है। कांग्रेसजनों ने इस सड़क निर्माण में हुए भारी भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग सीहोर कलेक्टर बालगुरु के. से की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सतीश दरोठिया, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जय सिंह भारती, हर्ष गुप्ता, राजेश रैकवाल, अरुण मालवीय, सक्षम शर्मा, समर्थ शर्मा आदि कांग्रेस्जन उपस्थित रहे।

## हाईवे पर चलती कार में लगी आग, जलकर खाक



**इछावर/भैरुंदा।** सीहोर-भैरुंदामार्ग पर स्थित है। नादान घाट पर मंगलवार की दोपहर को एक चलती हुई कार में अचानक आग लग गई जिसके बाद कार में बैठे लोगों ने कार से कूद कर बममुश्किल जान बचाई बताया गया है कि कार में किन कर्म से आग लगी है अभी ज्ञात नहीं हो सकता है और कार में लगी आग के बाद फायर ब्रिगेड टीम को भी सूचना दी गई लेकिन फायर ब्रिगेड टीम काफी विलंब से पहुंची जिसके कारण कार में जलने से काफी नुकसान हो गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर को इछावर भेरूंदा मार्ग पर एक चलती हुई कार में अचानक आग लग गई कार में आग लगी हुई देख मार्ग के दोनों ओर से आ रही गाड़ियां रुक गई और अनेक लोगों ने इस घटना की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी लेकिन फायर ब्रिगेड टीम जल्दी ही मौके पर नहीं पहुंची ऐसे में कार पूरी तरह जल गई बताया गया है कि कार में बैठे लोगों ने जलती हुई कार में से कूद कर बामुश्किल अपनी जान बचाई है अभी यह ज्ञात नहीं हो सका है कि कार में कौन लोग बैठे थे।

## इछावर-कालापीपल सड़क निर्माण में गुणवत्ता के मिले पुख्ता प्रमाण, जांच में सही पाई गई सामग्री

**सीहोर ।** इछावर नादान रोड से कालापीपल तक बन रही सडक़ की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों पर प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। ग्रामीण सडक़ विकास प्राधिकरण द्वारा की गई विस्तृत जांच में सडक़ निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण पाई गई है। अधिकारियों ने ग्रामवासियों और शिकायतकर्ताओं की मौजूदगी में ही सडक़ की जांच की, जिसमें सभी मानक सही पाए गए।

परियोजना क्रियान्वयन इकाई के महाप्रबंधक वायके सक्सेना ने बताया कि यह सडक़ मूल रूप से वर्ष 2007 में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत बनी थी। 15 वर्ष की अवधि पूर्ण होने के बाद अब इस सडक़ के नवीनीकरण का कार्य 5 फरवरी 2026 से शुरू किया गया है। वर्तमान में इस मार्ग पर डामरीकरण का कार्य प्रगति पर है।

### जांच में मानक से बेहतर मिले परिणाम

सक्सेना ने बताया कि शिकायत सामने आते ही विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि सडक़ पर बिछाई जा रही परत की मोटाई 20 मिमी निर्धारित है, लेकिन मौके पर यह मानक से भी अधिक पाई गई।



डामर की मात्रा निर्धारित 4.6 प्रतिशत के मुकाबले ज्यादा मिली, जिससे सडक़ की मजबूती बढ़ेगी। सडक़ में इस्तेमाल होने वाला डामर सरकारी रिफाइनरी से खरीदा गया है और उपयोग से पहले उसकी प्रयोगशाला में विधिवत जांच भी कराई गई थी।

**ग्रामीणों के सामने जांची गुणवत्ता :**महाप्रबंधक सक्सेना ने बताया कि विभाग गुणवत्ता को लेकर बेहद गंभीर है। ग्रामीणों के समक्ष हुई इस जांच से यह साफ हो गया है कि सडक़ निर्माण में किसी भी तरह की अनियमितता नहीं हुई है। वर्तमान में रिन्यूअल कार्य तेजी से चल रहा है ताकि जल्द से जल्द क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।

## विश्व दलहन दिवस आयोजित किया गया

**सीहोर।** मंगलवार को विश्व दलहन दिवस के अवसर पर श्री सत्य साँई विश्वविद्यालय अर्न्तगत स्कूल आफ एग्रीकल्चर द्वारा विश्व दलहन दिवस पूर्ण निष्ठा के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी की प्रेरणा एवं सक्रिय सहयोग तथा स्कूल आफ एग्रीकल्चर के अधिष्ठाता डॉ. विवेक सिंह तोमर के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्रो को फंदा ग्राम स्थित भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान का विस्तृत भ्रमण कराया गया जहाँ छात्रो ने रबी मौसम में बोई जाने वाली समस्त दलहनी फसलो जेसे चना, मसूर मटर, अरहर, इत्यादि का अवलोकन किया और शस्य क्रियाओं से सम्बन्धित समस्त जानकारी-प्राप्त की। वर्तमान समय की महती आवश्यकता जैविक कृषि, से जुड़े हुए आवश्यक पहलुओं की सम-सामयिक जानकारी भी संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा छात्रो को प्रदान की गई। प्रक्षेत्र पर आयोजित एक एक लघु संगोष्ठी में छात्रो ने अनेक जिज्ञासु प्रश्न किये जिनके समुचित व संतोषजनक उत्तर विषय वस्तु कि विशेषज्ञों द्वारा देकर विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया। संस्थान परिसर में स्थित अन्य यूनिट्स जैसे भण्डारण, ग्रेडिंग प्रक्रिया एवं अन्य कृषि उपकरणो का भी छात्रों द्वारा अवलोकन किया एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त की। छात्र भ्रमण दल के साथ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गण विरबल कुशवाह, दीपिका नेमा, हजरा पंचोली, दीपिका मालवीय, सदीप रेकवाल आदि भी उपस्थित थे।



## नि:शुल्क पुस्तक व स्टेशनरी का किया वितरण



**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के पुस्तकालय से अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एससी एसटी छात्रों को निशुल्क पुस्तक एवं स्टेशनरी का वितरण किया जा रहा है महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर मंजरी अग्निहोत्री ने बताया शासन की हितग्राही मूलक योजना के तहत ₹1500 की निशुल्क पुस्तक एवं ₹500 की स्टेशनरी का वितरण किया जा रहा है छात्रों के अध्ययन के लिए यह पाठ सामग्री से महाविद्यालय मैं अध्यनरत समस्त अनुसूचित जाति जनजाति की छात्राएं लाभान्वित हो रही हैं सहभागिता में चित्रांश खरे प्रभारी ग्रंथालय, हिम्मत सिंह ग्रंथपाल, अर्चना सेंगर, घनश्याम प्रजापति ,श्री शिवचरण ने निशुल्क वितरण कार्य में सहभागिता प्रदान की।

## जांगड़ा समाज ने हर्षोल्लास से मनाई संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

रविवार को इंदिरा नगर बाईपास सीहोर पर सूर्यवंशी रविदास धर्मशाला में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 649 वी जयंती बड़े धूमधाम से बनाई गई। इस अवसर पर दिनेश सिलोरिया एडवोकेट के पिताजी गोपाल सिंह सिलोरिया रिटायर्ड अधीक्षक भू अभिलेख सीहोर द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की प्रतिमा भेट की गई एवं स्थापना उनके करकमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर बड़े ही धूमधाम से संत शिरोमणि रविदास जी की पूजा अर्चना की गई और भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर जांगड़ा समाज संरक्षक मांगीलाल बकोरिया रिटायर्ड एसडीओ मतस्य विभाग के द्वारा मंदिर निर्माण हेतु 25 हजार रूपये भेट किये गये। मुख्य अतिथि अतिथि कमलेश दोहरे (संघ प्रिय), शंकरलाल पंडोलिया (जांगड़ा समाज एकता संगठन समिति प्रदेश अध्यक्ष), विशेष अतिथि मदनलाल रेकवाल (शिक्षक सेवा निवृत), दलित चिंतक पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले, हरिचरण रेकवाल (शिक्षक सेवा निवृत), भँवरलाल सूर्यवंशी (पूर्व अध्यक्ष जांगड़ा समाज एकता संगठन वरिष्ठ उपाध्यक्ष), आर.पी. चौधरी (जांगड़ा समाज एकता संगठन समिति कोषाध्यक्ष), भैयालाल सेहरिया (प्रदेश संगठन मंत्री), रामगोपाल बकोरिया (प्रदेश सह सचिव), अमृतलाल सूर्यवंशी (जिला प्रबंधक म.प्र.डब्ल्यु.एल.सी.), दिनेश सिलोरिया (अधिवक्ता), बंशीलाल बकोरिया (पूर्व सरपंच), राधेश्याम अटेरिया (पूर्व सरपंच), ओमप्रकाश अन्गोरे (पूर्व सरपंच), तुलसीराम जांगड़े (सरपंच), दशरथसिंह बालोदिया (सरपंच), भेरूलाल गोलिया (सरपंच), बलराम पटेल, संतोष बामनिया (पत्रकार), श्यामलाल गवाटिया (सरपंच), राजेश जांगड़े (सरपंच), राजमल, महेश सूर्यवंशी (सरपंच), हरदेव सिंह तमोलिया (पूर्व सरपंच), भगवत सिंह (सरपंच), घनश्याम जांगड़े (सरपंच), रामदयाल सूर्यवंशी (सरपंच), कैलाश चन्द्र सूर्यवंशी (सरपंच)और सम्माननीय सभी समिति के कार्यकारिणी सदस्य रामचरन दसलानिया, अध्यक्ष-सूर्यवंशी सामाजिक विकास समिति, सीहोर), दयाराम गवाटिया धर्मशाला सचिव एवं जांगड़ा समाज एकता संगठन जिलाध्यक्ष, देवसिंह तमोलिया (उपाध्यक्ष), शंकरलाल बकोरिया (कोषाध्यक्ष), बद्रीप्रसाद सोलिया, दिलीप सिंह सूर्यवंशी (ठेकेदार), रामप्रसाद दंगोलिया, रामसिंह पैरवाल, कमल सिंह गवाटिया, राधेश्याम दसलानिया, बद्रीलाल दसवंत, माखनसिंह सिलोरिया, फतेहसिंह बड़ोदिया, समाज सेवक लाड़सिंह कटारिया, अनोखी वर्मा, धापू बनवारी, पूर्व पार्षद आरती खंगराले, आरती दसलानिया सहित सामाजिक गण इस मौके पर उपस्थित रहे और कार्यक्रम सफल हुआ।

### मिलावट को रोकने के लिए नियमित रूप से लिए जाएं फूड सैंपल: कलेक्टर

# कलेक्टर ने की कृषि, उद्यानिकी, खाद्य व खाद्य सुरक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर कृषि, खाद्य एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यों और गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कृषि आदान की उपलब्धता, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के संचालन तथा औषधि प्रशासन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं के बारे में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को नियमानुसार राशन उपलब्ध कराया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सार्वजनिक वितरण




प्रणाली की दुकानों का नियमित निरीक्षण करने, पात्रता सूची का सत्यापन कराने तथा वितरण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजारों एवं प्रतिष्ठानों से नियमित रूप से फूड सैंपल लेकर परीक्षण कराया जाए तथा मिलावट पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

बैठक में कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को जागरूक करने, वैकल्पिक प्रबंधन तकनीकों को बढ़ावा देने तथा ग्राम स्तर पर निगरानी तंत्र मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों निर्देश देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे किसान प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें और उनकी लागत घटे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके।

58 क्विंटल गेहूं बरामद, घटना में प्रयुक्त वाहन और उपकरण भी किया जब्त

# आखिरकार धराए वेयरहाउस से गेहूं की लूट करने वाले लुटेरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

2 फरवरी को फरियादी जसरथ पिता अमरचंद, जाति मीना, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम कांसोरकला, थाना ब्यावरा शहर, रात्रि लगभग 1 बजे वेयरहाउस में चौकीदारी कर रहे थे। उसी दौरान चार अज्ञात आरोपियों द्वारा फरियादी को कट्टा जैसी वस्तु अड़ाकर बंधक बना लिया गया। आरोपियों द्वारा दूसरे चौकीदार हरिसिंह प्रजापति के कमरे में जाकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया गया एवं दोनों चौकीदारों को कमरे में बंद कर दिया गया। तत्पश्चात आरोपियों ने चाकू दिखाकर वेयरहाउस के गेट की चाबी छीनी तथा वेयरहाउस में रखी सरकारी गेहूं की 30 बोरियां लूटकर फरार हो गए। उक्त घटना पर थाना ब्यावरा शहर में अपराध क्रमांक 86/2026, धारा 309(6) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खंगाले 500 सीसीटीवी कैमरे

घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रारंभिक स्तर पर आरोपियों एवं वाहन की पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही थी। घटनास्थल आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर स्थित होने से वहां वाहनों की निरंतर आवाजाही बनी रहती है। तकनीकी विवेचना के दौरान वेयरहाउस के आस-पास एवं पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया, जिसमें 'आपरेशन चक्षु 360 के तहत जिलें में लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों का इस पुलिस टीम द्वारा आगराद्मुंबई हाईवे पर लगे लगभग 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का क्रमबद्ध एवं सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरंतर तकनीकी विश्लेषण एवं फुटेज मिलान के पश्चात घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान की गई । जांच के दौरान वाहन का पंजीयन (आइसर वाहन) प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर वाहन चालक की पहचान कर आगे की कार्रवाई की गई।

## यह हैं गिरफ्तार आरोपी

- फारुख खान पिता अहमद खान उम्र 42 वर्ष, निवासी रसूलपुर, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास
- कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया उम्र 30 वर्ष, निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन
- अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय उम्र 29 वर्ष, निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन

## यह माल हुआ जब्त

आरोपियों के कब्जे से 58 क्विंटल (116 बोरी) गेहूं घटना में प्रयुक्त आइसर वाहन कटर एवं अन्य उपकरण जप्त किए गए हैं। प्रकरण के 02 आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

## आरोपियों का विवरण एवं आपराधिक रिकॉर्ड

- **आरोपी क्रमांक-1 फारुख खान पिता अहमद खान**
उम्र 42 वर्ष, निवासी रसूलपुर, थाना औद्योगिक क्षेत्र, जिला देवास
अप.क्र. 103/2011 / धारा 379 भादवि (थाना कांटाफोड़)
अप.क्र. 147/2011 / धारा 379 भादवि (थाना सतवास)
अप.क्र. 904/2011 / धारा 379, 411 भादवि (थाना बीएनपी)
अप.क्र. 07/2012 / धारा 379 भादवि (थाना टोंकखुर्द)
अप.क्र. 28/2012 / धारा 379 भादवि (थाना कांटाफोड़)
अप.क्र. 18/2012 / धारा 379 भादवि
अप.क्र. 108/2015 / धारा 394 भादवि (थाना जावरा, जिला रतलाम)
- **आरोपी क्रमांक-2 कान्हा पिता लगजीराम मोंगिया**
उम्र 30 वर्ष, निवासी लेकोडा, थाना नीलगंगा, जिला उज्जैन
अप.क्र. 345/2009 / धारा 457, 380 भादवि (थाना नीलगंगा, उज्जैन),
अप.क्र. 670/2011 / धारा 379 भादवि (थाना महाकाल, उज्जैन)
अप.क्र. 527/2020 / धारा 379 भादवि (थाना महाकाल, उज्जैन)
अप.क्र. 394/2025 / धारा 457, 380 भादवि (थाना तेजाजी नगर)
- **आरोपी क्रमांक-3 अंबाराम पिता नागूलाल मालवीय**
उम्र 29 वर्ष, निवासी जूनापानीखेड़ा, थाना तराना, जिला उज्जैन
अप.क्र. 144/2021 /धारा 379, 411 भादवि (थाना चिमनगंजमंडी, देवास), अप.क्र. 508/2022 / धारा 354, 454, 506 भादवि

## कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर निरीक्षक वीरेन्द्र धाकड़, उपनिरीक्षक अजय यादव, प्रवीण जाट, अनिल राहोरिया, विवेक शर्मा, प्रधान आरक्षक दीपक यादव, केशव राजपूत, शैलेन्द्र सिंह, संजय बाथम, वीरेन्द्र रावत, आरक्षक राहुल मीणा, राजकुमार रघुवंशी, दिनेश किरार, परमेश्वर दास, प्रवीण यादव, बलवीर मीणा, धीरेन्द्र , पीयुष गुप्ता, पुष्पेन्द्र एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तकनीकी टीम में उप निरीक्षक जितेंद्र अजनारे, आरक्षक आर. 326 हितेश आर. 1023 अशोक राहोरिया का योगदान रहा।

# विधायक दांगी ने सपत्नीक श्री श्याम मंदिर निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



हमारा श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में स्थानीय पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में बैठक का आयोजन विधायक हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य मे हुई । जहां पर श्री श्याम मंदिर निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में श्याम बाबा के भक्तों ने कहा कि लगभग दो वर्ष पूर्व (आपसे) याने विधायक हजारीलाल दांगी से श्रीश्याम मंदिर के विषय में चर्चा हुई थी, जिसमें आपने मंदिर हेतु उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने एवं मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आश्वासन दिया था। इस पर बैठक में श्याम मित्र मंडल के सदस्यों से विधायक ने तत्काल कहा कि बटावदा रोड पर पूर्व आश्वासन के अनुरूप श्रीश्याम मंदिर के लिए निर्माण किया जाय। वह जगह उचित है जहां पर मंदिर निर्माण के अलावा पर्याप्त जगह है जिसमें श्रद्धालु भक्तों के लिए भण्ड़ारे सहित धार्मिक आयोजन के लिए एक बड़ा लम्बा चौड़ा परिसर हो जाएगा। ताकि क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास को नई दिशा मिल सके। बैठक के निर्णय अनुसार विधायक हजारीलाल दांगी सपत्नीक श्री श्याम मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया। भूमि पूजन में सभी सदस्यों में उत्साह की लहर नजर आ रही थी। उल्लेखनीय है कि नगर में खाटू श्याम मंदिर निर्माण की लंबे समय से श्री श्याम भक्तों का प्रयाग जारी था जिसे विधायक के कर कमलों से भूमि पूजन से निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, मुरली सेन आदि शामिल हुए।

# अस्पताल की नई क्रिटिकल केयर बिल्डिंग में ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला अस्पताल परिसर में निर्मित नई क्रिटिकल केयर यूनिट और नवीन ओपीडी भवन में सोमवार से ट्रायल रन शुरू कर दिया गया। आज सुबह से ही डॉक्टरों और स्टाफ ने नई बिल्डिंग में बैठकर कामकाज शुरू किया, ताकि व्यवस्थाओं का वास्तविक आकलन किया जा सके और औपचारिक रूप से संचालन शुरू होने से पहले कमियों को दूर किया जा सके। ट्रायल के तहत भवन के एक हिस्से में ओपीडी सेवाएं चालू की गईं, जबकि दूसरे हिस्से में केजुअल्टी और इमरजेंसी व्यवस्था रखी गई है। सुबह से ही आवश्यक उपकरण, फर्नीचर और उपचार से संबंधित सामग्री को व्यवस्थित ढंग से शिफ्ट कर संबंधित कक्षों में स्थापित किया गया। अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य है कि नई व्यवस्था में मरीजों की आवाजाही, रजिस्ट्रेशन, उपचार और भर्ती की प्रक्रिया कितनी सुचारू रहती है, इसका व्यावहारिक परीक्षण किया जा सके। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने बताया कि नवीन ओपीडी को आज ट्रायल आधार पर चालू किया गया है और पूरा स्टाफ यहीं कार्य कर रहा है। उनके अनुसार यह भवन क्रिटिकल इमरजेंसी ढांचे पर आधारित है, जिसमें गंभीर मरीजों के लिए त्वरित उपचार की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर की मंशा के अनुरूप पहले चरण में ट्रायल रन कर व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है।

लगातार दूसरे वर्ष भी जारी है सुबह 8 बजे की स्पेशल क्लास

# नवाचार और समर्पण: बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए सारथी बने शिक्षक गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कहते हैं कि यदि शिक्षक ठान ले तो किसी भी बाधा को अवसर में बदला जा सकता है। शासकीय कन्या शाला खुजनेर में माध्यमिक शिक्षक (अंग्रेजी) गोविन्द गुप्ता ने इस उक्ति को धरातल पर चरितार्थ कर दिखाया है। बोर्ड परीक्षाओं के आगामी सत्र को देखते हुए उन्होंने छात्राओं की तैयारी को एक नया आयाम देने के लिए अपनी निरूस्वार्थ सेवाएं पुनः शुरू कर दी हैं परंपरा बन रही है श्अतिरिक्त क्लासश यह कोई पहला अवसर नहीं है जब गोविन्द गुप्ता ऐसा कर रहे हैं।

पिछले वर्ष भी उन्होंने इसी प्रकार विद्यालय समय से पूर्व अतिरिक्त कक्षाएं ली थीं, जिसका सुखद परिणाम बोर्ड परीक्षा के बेहतरीन नतीजों के रूप में सामने आया था। उसी सफलता को दोहराने के लक्ष्य के साथ, वे इस वर्ष भी कड़ाके की ठंड की परवाह किए बिना प्रातः 8 बजे कन्या शाला खुजनेर पहुंच कर छात्राओं को अंग्रेजी विषय की बारीकियां सिखा रहे हैं प्राचार्य ने बताया श्अनुकरणीय उदाहरणश संस्था के प्राचार्य श्री हितेश सोनी ने श्री गोविन्द गुप्ता जी के इस जज्बे की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। प्राचार्य हितेश सोनी ने कहा - गुप्ता जी का यह समर्पण पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। पिछले साल के शानदार परिणाम ने यह सिद्ध कर दिया था कि अतिरिक्त परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। उनके द्वारा स्वेच्छा से सुबह 8 बजे उपस्थित होकर छात्राओं का मार्गदर्शन करना शिक्षण के प्रति उनकी गहरी निष्ठा को दर्शाता है। अन्य के लिए भी यह एक अनुकरणीय प्रेरणा बेटियों के भविष्य को मिल रही नई उड़ान कक्षा 10वीं और 12वीं की छात्राओं का कहना है कि अंग्रेजी जैसे कठिन विषय को गोविन्द गुप्ता ने बहुत ही सरल बना दिया है। सुबह के शांत वातावरण में होने वाली इस पढ़ाई से उनकी एकाग्रता बढ़ी है अभिभावकों ने भी प्राचार्य हितेश सोनी और शिक्षक श्री गुप्ता के इस साझा प्रयास की सराहना करते हुए इसे शासकीय विद्यालयों के गौरव को बढ़ाने वाला कदम बताया है।

एनएसएस शिविर के चतुर्थ दिवस विविध गतिविधि का आयोजन

# श्रमदान कर किया पौधरोपण, क्यारियों को किया सुव्यवस्थित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकान्द महाविद्यालय सारंगपुर की छै इकाई द्वारा ग्राम धनोरा में आयोजित कैंप के चतुर्थ दिवस स्वयंसेवकों द्वारा सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। दिन का शुभारंभ प्रातःकाल श्रमदान से हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने शिविर परिसर स्थित वृक्षारोपण क्षेत्र में क्यारियों को सुव्यवस्थित किया। क्यारियों की साफ-सफाई, मिट्टी समतलीकरण एवं पौधों की देखरेख कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी के साथ विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया ।इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी एवं सतत विकास की भावना विकसित करना रहा।

इसके उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्य किया गया। सर्वे के दौरान ग्रामीण स्थानीय नागरिकों से संवाद कर स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक समस्याओं से संबंधित जानकारी एकत्र की गई। इस सर्वेक्षण के माध्यम से छात्रों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने एवं समस्याओं के समाधान हेतु संवेदनशील बनने का अवसर प्राप्त हुआ। दोपहर पश्चात शिविर परिसर में एक बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय "राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका एवं सामाजिक समरसता" रहा। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में बद्रीलाल बामनिया ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद सारंगपुर एवं सुशील व्यास उपस्थित रहे।

# मंत्री पंवार ने उपमुख्यमंत्री से ट्रॉमा सेंटर के लिए स्टाफ की मांग की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम उठाते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भोपाल में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल से भेंट कर ब्यावरा शासकीय चिकित्सालय में स्वीकृत ट्रॉमा सेंटर की आगामी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की।

चर्चा में ट्रॉमा सेंटर के लिए आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरण, आवश्यक स्टाफ, तथा अन्य संसाधनों की उपलब्धता को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। मंत्री पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार जन-स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और ब्यावरा क्षेत्र में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई मजबूती प्रदान करेगी। यह केंद्र न केवल समय पर जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराएगा, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों की ओर रेफर होने की मजबूरी से भी राहत दिलाएगा।

# पारीक की स्मृति में लगा नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




लायंस क्लब द्वारा नेत्र जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन राधेश्याम पारीक (पपडेल वालों) की स्मृति में पारीक मेडिकोज एण्ड पैथोलॉजी लैब के सौजन्य से आयोजित किया गया। नगर के सिविल अस्पताल में आयोजित शिविर में सर्वप्रथम परम पूज्य गुरुदेव श्री रणछोड़ दास जी महाराज एवं स्व. राधेश्याम पारीक के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के डॉक्टर द्वारा 152 मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 54 मरीज का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर हेतु भेजा गया शिविर में 72 मरीजों को चश्मा व दवा वितरित की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के डॉक्टर जितेन्द्र पाठक, डॉ कृष्णपाल,लायन एडवोकेट महेंद्र सिंह, लायंस प्रदीप गुप्ता, गिरिराज भंडारी,देवेंद्र कुमार पारीक, राकेश गुप्ता (बंटी), सतीश पारीक आयोजन कर्ता गजेंद्र पारीक, डॉ तरुण पारीक, विशाल पारीक आदि उपस्थित थे।

# महर्षि पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर




महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में कक्षा12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह एवं वर्ष भर चली गतिविधियों के विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिवचरण दांगी, डॉ बीएल गुर्जर, संचालक देवनारायण दांगी, वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर वरदानियां शिक्षक देवीलाल गुर्जर, शरद भावसार की उपस्थित में समस्त अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें देशभक्ति गीत सहित बच्चों को प्रेरित करते हुए शैक्षणिक क्षेत्र कि ओर अग्रसर किया गया। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा कक्षा बारहवीं के बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिवरात्रि को लेकर आयोजन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा आवास स्थित नवनिर्मित भवन में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि परमपिता परमात्मा शिव निराकार, ज्योति स्वरूप, अजन्मा और स्वयंभू हैं। वह संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं तथा ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के भी रचयिता माने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को निर्वैर कहा गया है,जो सबका भला करते हैं अतः हमें अपने जीवन से काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों को त्यागकर उन्हें अर्पण करना चाहिए। यही सच्ची शिवरात्रि का संदेश है। ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज में किए जा रहे आध्यात्मिक और नैतिक कार्यों की सराहना की। जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मिक शांति का संचार करते हैं। युवाओं और महिलाओं को इन आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया।

एसआईआर कार्य में प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान, कलेक्टर ने अधिकारियों का बढ़ाया हौसला

# सभी अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर करें कार्य : कलेक्टर कन्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान

बैठक के आरंभ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 2026 (एसआईआर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुना जिले द्वारा प्रदेश में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त करने पर कलेक्टर कन्याल ने तालियां बजाकर निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं टीम को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

हाल ही में संजय स्टेडियम में आयोजित हॉकी टूर्नामेंट के बेहतरीन आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा नगर पालिका की पूरी टीम की प्रशंसा की गई।

## लक्ष्य तय कर नो पेंडेंसी पर करें कार्य

कलेक्टर कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय योजनाओं के लक्ष्य स्पष्ट रूप से निर्धारित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कितने प्रयास किए जा रहे हैं और उनकी कितनी प्रभावी मॉनिटरिंग हो रही है। उन्होंने नो-पेंडेंसी की भावना से प्रो-एक्टिव होकर कार्य करने के निर्देश दिए। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं पत्रों के शीघ्र निराकरण को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।



## क्रिटिकल केयर सेंटर से बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

बैठक के दौरान जिला चिकित्सालय में क्रिटिकल केयर सेंटर के प्रारंभ होने पर कलेक्टर ने कहा कि इससे आमजन को बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। बैठक के प्रारंभ में ई-गवर्नेंस मैनेजर गौतम श्रीवास्तव एवं सीनियर जीआईएएस एग्जीक्यूटिव पूजा द्वारा डिस्ट्रिक जीआईएस पोर्टल एवं परख एप्लीकेशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जीआईएस आधारित एसेट मैपिंग, डाटा अपडेट, निरीक्षण प्रक्रिया तथा परख ऐप के माध्यम से डिजिटल निरीक्षण दर्ज करने की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय परिसंपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, सटीक एवं तकनीक आधारित बनाना है।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**सीहोर।** डीबीसीपीएल के फंदा टोल प्लाजा पर सीएसआर प्रयासों के अंतर्गत एएसजी हॉस्पिटल, सीहोर की विशेषज्ञ आई-चेकअप टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अभिषेक कुमार गोस्वामी, राहुल गोस्वामी और वेदान्त गेहलोत के नेतृत्व में सेवा भाव से लोगों की आंखों की जांच की गई तथा नजदीकी दृष्टि दोष से पीड़ित जरूरतमंदों को चश्मे वितरित किए गए। आंखों की समस्या, विशेषकर नजदीकी नजरदोष, सड़क पर संकेत बोर्ड, लेन मार्किंग और वाहनों की दूरी सही ढंग से न समझ पाने के कारण दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन सकती है। इसी संवेदनशील तथ्य को ध्यान में रखते हुए यह निस्वार्थ पहल की गई, जिसका उद्देश्य दुर्घटनाओं की रोकथाम और वाहन चालकों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह आयोजन केवल एक स्वास्थ्य सेवा नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और मानवीय जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण है। डीबीसीपीएल एवं एएसजी हॉस्पिटल का यह संयुक्त प्रयास समाज को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रशंसनीय कदम है।

### पार्वती बैराज में पानी से भंडारित करने रामपुरा डेम से छोड़ा 2 एमसीएम पानी

# नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने नगरवासियों से की पानी को व्यर्थ नहीं बहाने के लिए अपील

नगरवासियों के लिए छुड़वाए गए पानी को पार्वती नदी बैराज तक आने में किसी भी तरह की बाधा नही हो इसका विशेष ध्यान रखने दिए निर्देश। पानी चोरी रोकने लगातार करे निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगरवासियों को आगामी ग्रीष्म ऋतु में जलसंकट से नही जूझना पड़े, इसके चलते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने आज अपने पार्षद साथियों एवं नपा अधिकारियों के साथ रामपुरा जलाशय की ओर रूख किया और नगरवासियों के लिए रामपुरा जलाशय में भंडारित जल को मां पार्वती नदी स्थित बैराज में भंडारित हेतु छुड़वाया गया।

#### लगातार करे निरीक्षण

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नपा के जलशाखा प्रभारी रमेश यादव को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरवासियों के लिए छुड़वाए गए पानी को पार्वती नदी बैराज तक आने में किसी भी तरह की बाधा नही हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। पार्वती नदी से सटे ग्रामों में अनेक स्थानों पर स्टॉप डेम निर्मित है उनका निरीक्षण कर ग्रामीणजन पानी को बाधित नही करें इसके लिए उन्हें समझाईश दें। आगामी माह में ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होगी, जिसके दौरान विभिन्न जलस्त्रोंत दम तोड़ते नजर आएंगे। ऐसे में पार्वती बैराज में संग्रहित जल से ही नगरवासियों की प्यास बुझेगी। पानी की शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। श्री मेवाड़ा ने नगरवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि पानी को व्यर्थ नही बहाएं, अपव्यय होने से बचाए। साथ ही अपने घरों पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना करें, ताकि घरों से निकलने वाला पानी जमीन में पहुंच सकें, जिससे आपके ट्यूबवेल रिचार्ज होते रहें। वहीं आगामी माह में होली का त्यौहार है, जिसमें अधिक से अधिक सूखे रंग व गुलाल से होली खेले, त्यौहार के दौरान भी ज्यादा से ज्यादा पानी को बचाने की कोशिश करें, ताकि ग्रीष्म ऋतु में जलसंकट की स्थिति उत्पन्न होने से बचाया जा सकें।

#### 4.25 एमसीएम पानी आरक्षित

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नगरवासियों के लिए रामपुरा जलाशय में 4.25 एमसीएम पानी आरक्षित रखा जाता है, जिसमें से आज 2 एमसीएम पानी पार्वती बैराज में भंडारित हेतु छुड़वाया गया है। सीएमओ श्री प्रजापति ने अपने अधिनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्चिंग दल पुनः गठित कर छुड़वाए गए पानी का मौके-मौके पर पहुंचकर निरीक्षण करें, किसी भी प्रकार की बाधा आने पर त्वरित उसका निराकरण कर पानी के गंतव्य मार्ग को अवरोध मुक्त करें। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, पार्षद रवि शर्मा, कुशलपाल लाला, जल शाखा प्रभारी रमेश यादव, कैलाश बागवान, पूरण मेवाड़ा, राकेश बागवान आदि मौजूद थे।

# सुविधाः सीहोर से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों का होगा स्टॉपेज

### रुद्राक्ष महोत्सव में आएंगे लाखों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विश्व में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक कुबेरेश्वरधाम में होने वाले आगामी रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर इस बार दुगनी व्यवस्था की है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को बैठने के लिए 1 लाख 80 हजार स्थाई और 60 हजर स्क्वायर फीट का भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है, पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीहोर स्टेशन से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों के ठहराव की सौगात दी है। मंगलवार को विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा और अन्य ने यहां पर हो रही व्यवस्था का जायजा लिया।

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में आगामी 14 फरवरी से 20 फरवरी तक होने वाले भव्य आयोजन में देश और विदेश लाखों की संख्या में श्रद्धालु कथा का श्रवण करेंगे। इसके अलावा विश्व के प्रसिद्ध संतों और कथा वाचकों, साधुओं के आने की संभावना है। समिति और प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए वाहनों की पार्किंग, पेयजल, शौचालय, स्वयं सेवक, कथा स्थल पर पंडाल आदि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कोरिडोर का निर्माण किया गया है। आगामी रुद्राक्ष महोत्सव 2026 के भव्य आयोजन को लेकर भारतीय रेलवे ने यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है। इस दौरान सीहोर स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज दिया जाएगा। कथा के दौरान बेहतर इंतजाम करने एवं लोगों की सुरक्षा के साथ ही नेशनल हाईवे पर आवागमन सुगम बनाए रखने के लिए मार्ग परिवर्तित करने तथा वैकल्पिक मार्ग तथा हेलीपैड स्थल आदि की व्यवस्था की जा रही है। कथा के दौरान पेयजल, बिजली, साफ-सफाई, अस्थाई शौचालय, पार्किंग, हेल्थ कैम्प, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, कन्ट्रोल रूम, सहायता केंद्र, मार्ग मरम्मत सहित अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रूप से बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव प्रकृति के आराध्य हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु संकट को देखते हुए शिवरात्रि को पर्यावरण से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अपने घर या आसपास कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। इस बार रुद्राक्ष महोत्सव की भव्यता पहले से कई गुना अधिक होगी। कुबेरेश्वर धाम परिसर में 1 लाख 80 हजार स्क्वायर फीट में विशाल पक्का पंडाल बनाया गया है, जिसमें एक साथ करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु कथा श्रवण कर सकेंगे।श्रद्धालुओं के लिए 10 एकड़ क्षेत्र में भोजनशाला तैयार की गई है।

# मानवता की मिसालः मानसिक रोगी महिला को दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जब समाज किसी को भुला देता है, तब मानवता उसे फिर से जीने का हौसला देती है और इसी मानवता की मिसाल एक बार फिर संस्था प्रियू फाउंडेशन की टीम ने पेश की। जिले के हीरापुर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक अज्ञात मानसिक रूप से अस्वस्थ बुजुर्ग महिला लावारिस अवस्था में सड़कों पर भटक रही थी। न रहने का ठिकाना, न खाने का सहारा, और न ही कोई अपना।

महिला भूख, बीमारी और असुरक्षा के बीच हर दिन संघर्ष कर रही थी। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने कई दिनों तक उसकी हालत देखी, लेकिन मदद का कोई रास्ता समझ नहीं आ रहा था। अंततः कुछ संवेदनशील लोगों ने प्रियू फाउंडेशन से संपर्क कर इस स्थिति की जानकारी दी। सूचना मिलते ही संस्था प्रियू फाउंडेशन की टीम ने बिना समय गंवाए तुरंत कार्रवाई की। संस्था के सक्रिय सदस्य अजय नागदा, आदिल शेख, प्रदीप यादव और विशाखा सुनील जाटव अपनी टीम के साथ हीरापुर पहुंचे। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण वह डरी-सहमी और असुरक्षित स्थिति में थी। टीम ने पूरे धैर्य, प्रेम और संवेदनशीलता के साथ महिला को संभाला, उसे भरोसा दिलाया और सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया।

रेस्क्यू के बाद महिला को तुरंत इंदौर लाया गया, जहां मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराकर उसके उपचार की व्यवस्था की गई। अब डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है, उसे भोजन, दवाइयाँ और सुरक्षित वातावरण मिल रहा है, जो शायद उसे कई समय से नसीब नहीं हुआ था। यह केवल एक रेस्क्यू नहीं, बल्कि एक भूली हुई जिंदगी को फिर से सम्मान और सुरक्षा देने का प्रयास है। सड़क पर बेसहारा भटक रही एक बुजुर्ग महिला को अब इलाज, देखभाल और इंसानियत का सहारा मिला है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन




**जावर।** जावर जोड़ स्थित न्यू देवश्री हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजन आयुष्मान भारत के अंतर्गत अस्पताल में योजना की शुरुआत के अवसर पर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. सिरिल आर्य (ऑर्थोपेडिक), डॉ. राहिल राठौर (ऑर्थोपेडिक), डॉ. तपस आर्य (जनरल सर्जन), डॉ. प्रीति कर्मकार आर्य (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. ऋचा मोदी आर्य (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. बी. एल. परमार (जनरल फिजिशियन) एवं डॉ. देवेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया गया। इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक मरीजों ने विभिन्न रोगों की जांच एवं विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह का लाभ उठाया। ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों से आए मरीजों में इस शिविर को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, ताकि आमजन को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

# व्यक्ति का ईमानदारी से किया कर्म ही उसके लिए सर्वोपरि होता हैः विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



व्यक्ति का ईमानदारी से किया गया कर्म ही सर्वोपरि होता है तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एक प्रमुख चिकित्सा पद्धति है जिसके लाभ से सभी का परिचित होना आवश्यक है तथा इसे अपने जीवन में सम्मिलित करते हम अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हुये असाध्य रोगो से भी लड़ सकते हैं। उक्त उद्गार क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा यूनानी दिवस के आयोजन में जनपद पंचायत के सभागृह में व्यक्त किये गये।

उक्त आयोजन शासकीय यूनानी चिकित्सक डॉ. शाइनी अंजुम द्वारा भारत में यूनानी चिकित्सा के प्रणेता हकीम अजमल खान की जयंति पर आयोजित किया था। जिसके संयोजन एवं सूत्रधार का दायित्व कवि अतुल जैन सुराणा द्वारा निभाया गया। आयोजन में क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के साथ प्रमुख अतिथि के रूप में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष धारासिंह पटेल,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नगर भाजपा अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, पूर्व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, वरिष्ठ भाजपा नेता कल्याणसिंह ठाकुर, जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह ठाकुर, बीएमओ अमित माथुर,डॉ हयाज अली, मीनू सुरणा, रजनीश सुरणा की उपस्थिति रही। जिन्होने अपने उद्बोधनो से सभी को मार्गदर्शित किया।

आयोजन में क्षेत्र के प्रसिद्ध यूनानी विशेषज्ञ डॉ. हयात अली, डॉ. अजीज सिद्दीकी, डॉ. यूसूफ खलील हुसैन, डॉ. नफीस मेम, डॉ. शाहिद खान, डॉ. शाहिद अली, डॉ जरीना मेम उपस्थित रहे । जिन्होने अपने उद्बोधनो के माध्यम यूनानी चिकित्सा पद्धति का महत्व बताया। आयोजन में विशेष आकर्षण के रूप मे नगर की साहित्यिक संस्था साहित्य शिल्पी के कविगणो को भी आमंत्रित किया था।

जिन्होनें अपने गीत, गजलो के माध्यम से समां बांध दिया। कविगणो में संचालक कवि अतुल जैन सुराणा के साथ श्रीराम श्रीवादी, जावेद अली जावेद, गोविन्द शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा, अकबर सिद्दीकी तथा डॉ. प्रशांत जामलिया को आमंत्रित किया गया था। आयोजक डॉ. शाइनी अंजुम नें सभी अतिथियों का औषधि के पौधे तथा प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया तथा सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ हयाज अली ने आयुष विभाग की ओर से कुछ मांगों का मांग पत्र भी सौंपा।

# नर्मदा परिक्रमा से आए पदयात्रियों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



परमार समाज के श्रद्धालु बंधुओं द्वारा की गई पैदल नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर सकुशल वापसी पर उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन समाज की आस्था, संयम और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति गहन प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बना। यात्रियों लखनलाल परमार, रूपनारायण परमार,शिवनारायण परमार, गुलाब सिंह परमार, रमेश चंद्र, हरिप्रसाद परमार ने तीन हजार किलोमीटर से अधिक की नर्मदा पैदल परिक्रमा की इस गरिमामय समारोह में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक्जीक्यूटिव मेंबर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता परमार समाज के वयोवृद्ध एवं मार्गदर्शक नेता रामनारायण परमार ने की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासन सहनशीलता और सेवा भाव से जोड़ने की साधना है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा आत्मशुद्धि के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करती है। उन्होंने परमार समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण हेतु सदैव अग्रणी बताया और कहा कि ऐसे प्रयास समाज को नैतिक बल प्रदान करते हैं। विशेष अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने पदयात्रियों के संकल्प त्याग और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में इस प्रकार की पदयात्राएँ नई पीढ़ी को संस्कार और संयम का मार्ग दिखाती हैं। सभी पदयात्रियों ने मां नर्मदा के उद्गम से विसर्जन तक यात्रा करके पुण्य वर्धन किया। उन्होंने कहा कि समाज के ऐसे कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगे और सामाजिक एकता को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परमार समाज के वरिष्ठ नेता श्री रामनारायण परमार ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा जैसी यात्राएँ समाज को अपनी जड़ों से जोड़ती हैं और सामूहिक चेतना को जागृत करती हैं। समारोह के दौरान पदयात्रियों का पुष्पमालाओं एवं एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान के साथ अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, सौहार्द और सामाजिक एकता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने भी सभी पदयात्रियों का ढोल नगाड़े के साथ स्वागत और सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, पूर्व सरपंच मधुसूदन परमार, पटेल राम परमार, लक्ष्मीनारायण वकील, अशोक परमार , माखन सिंह बगड़ावदा, कुमेर सिंह धनगर, परमानंद परमार ,रामेश्वर पटेल, शेर सिंह मुरली, डॉ नितिन परमार सहित हजारों जन उपस्थित रहे।

### मुनिराज श्री के आगमन पर नगर में जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

# विहार सेवकों ने मुनि संघ का कराया मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



परम पूज्य राष्ट्रसंत, पुण्यसम्राट गुरुदेव श्रीमद् विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराजा के शिष्य, परमरस द्विशतावधानी मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजयजी म.सा. एवं मुनिराज पवित्ररत्न विजयजी म.सा. का, मंगलवार को महिदपुर रोड में मंगलमय प्रवेश श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुनिराज श्री के मंगल प्रवेश पर महिदपुर रोड जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष अजय जैन के नेतृत्व में अरविंद बरडिया एवं निलेश भंडारी सहित समाजजनों द्वारा नगर में भव्य एवं भावपूर्ण आगवानी की गई। श्रद्धालुओं ने जयघोष, भक्ति भाव एवं उल्लास के साथ पुण्य लाभ अर्जित किया। विहार मार्ग रीछा से महिदपुर रोड 14 कि.मी. रहा। विहार मे सेवार्थ रहने का सौभाग्य महिदपुर रोड से पीयूष बरडिया, संकेश चौरड़िया, राज कोचर बप्पैया से मनोहरलाल बरडिया, आतिश बोहरा, निलेश बरडिया, जैनिस बरडिया, गर्वित बरडिया वाहन सेवा शुभम चौरड़िया (महिदपुर रोड) पारस बोहरा (बपैया) ने लिया। अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् व परिषद परिवार की ओर राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने सभी विहार सेवकों की भावपूर्ण अनुमोदना की मुनिभगवंत आज संध्या समय विहार कर 11 फरवरी को महिदपुर सिटी में मंगलमय प्रवेश करेंगे। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी ।

# महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में राष्ट्रीय कार्यबल के तत्वाधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. शर्मिला गांगले द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम संचालक डॉ. शर्मिला गांगले ने अपने उद्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सामान्य समस्याओं, उनके लक्षणों तथा समय पर परामर्श लेने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या समाधान की पहली सीढ़ी है। इसमें डॉ. विजय कुमार यादव, प्रीति कुशवाहा व भीमसेन मालवीय सहित महाविद्यालय के कई शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में उपस्थितजनों ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।